तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025



14 गंगासागर तालाब का दशकों के प्रयास के ...



13 50 ग्रामों के मूलभूत सुविधा और स्वास्थ्य सेवा कंडम..






## खबर संक्षेप

### महिला से गाली गलौज दो पर मामला दर्ज

**बालोद**। महिला द्वारा दुकान में शराब पीकर गंदगी फैलाने से मना करने पर व्यक्ति ने महिला के साथ गाली गलौज कर दी। जिसके बाद महिला ने गाली गलौच करने वाले व्यक्ति के खिलाफ धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वार्ड क्रमांक 25 नया सब्जी मार्केट राजहरा निवासी रामदुलारी चिकवा ने पुलिस को बताया कि मनिहारी का दुकान चलाती हूं, मेरा दुकान सब्जी मार्केट के अंदर है, शराब पीने वाले मेरे दुकान में शराब पीकर शराब की बोतल और डिस्पोजल को फेंककर कचरा करते हैं, 25 अक्टूबर को 10 बजे मेरे मनिहारी दुकान चबुतरा से कचरा को हटाने की बात को लेकर कचरा हटाने के लिये बोली तो मेरे मोहल्ले के मोती लाल धोबी ने मुझे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया है।

### पानी मोटर मशीन और स्पेयर मशीन चोरी



**बालोद**। खेत में बने घर के दरवाजे का ताला तोड़ चोर ने पानी का मोटर मशीन एवं स्पेयर मशीन चोरी कर लिए। जिसके बाद किसान द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(एं), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम गोरकापार थाना गुण्डरदेही निवासी डीलवन्त साहू पिता दीनाराम साहू 64 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरा खेत ग्राम पांगरी में है, मैं अपने खेत में घर बनाया हूं, खेती किसानी के काम के लिये प्रतिदिन ग्राम पांगरी आना जाना करता हूं। 24 अक्टूबर को शाम करीबन 06 बजे ग्राम पांगरी के मेरे खेत के घर के दरवाजा में ताला लगाकर गोरकापार चला गया था, 25 अक्टूबर को सुबह लगभग 07 बजे देखा तो खेत के घर के दरवाजा में लगा ताला नही लगा था, घर अंदर रखे पानी का मोटर मशीन एवं स्पेयर मशीन कीमती करीबन 3000 रूपये नही था।

### पिता-पुत्र में मारपीट हुई थाने में रिपोर्ट दर्ज

**बालोद**। शराब पीने के लिए बेटे ने पिता से पैसे मांगे, पिता ने नही दिए तो बेटे ने पिता की पिटाई कर दी। जिसके बाद पिता ने अपने शराबी बेटे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम रनचिरई निवासी बद्री प्रसाद टांडिया पिता गणेश राम टांडिया 62 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरे घर में मेरा छोटा बेटा नीलकरण टांडिया साथ में रहता है, बड़ा बेटा राकेश कुमार टांडिया, बहु राधिका टांडिया अपने परिवार के साथ घर के थोड़ी दुर में अलग मकान में रहता है। 22 अक्टूबर के रात्रि 08 से 08:30 बजे मेरा बेटा नीलकरण जो शराब पीने का आदी है ने शराब पीने के लिए पैसा मांगा, मै बोला मेरे पास पैसा नहीं है, इतना सुनकर मेरा बेटा नीलकरण टांडिया मुझे गालियां देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में पटक दिया, जिससे मेरा बांया पैर घुटना, सिर बांये तरफ चोट लगकर खुन निकला है। जब मै अपने घर से बड़ा बेटा के घर जाने लगा तब रास्ते में वह पीछे से आकर फिर मुझे रोड में मारने पीटने लगा, मारपीट झगड़ा की आवाज सुनकर मेरा बड़ा बेटा राकेश कुमार व बहु राधिका टांडिया दोनों वहां पर आकर बीच बचाव करने लगे, तब वह उन लोगो को भी गालियां देते हुए जान से मार डालुंगा कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाया है। बहु राधिका टांडिया के बाल को पकड़कर उसे भी जमीन में गिरा दिया था।

# हिट एंड रन कानून और अन्य मांगों पर ड्राइवर संघ का प्रदेशव्यापी आंदोलन टला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

छत्तीसगढ़ में हिट एंड रन कानून के विरोध सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर चल रही ड्राइवरों की हड़ताल समाप्त हो गई। बालोद जिले से होकर गुजरने वाले एनएच–30 जगदलपुर मुख्यमार्ग पर ग्राम चिटौद में जिला चालक संघ व अन्य जिलों से पहुंचे सैकड़ों ड्राइवर धरने पर बैठे थे। चक्का जाम की तैयारी के बीच प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर ड्राइवर संघ के पदाधिकारियों से लंबी वार्ता की। वार्ता लगभग दो घंटे चली तथा प्रदेश पदाधिकारियों की भी इस दौरान प्रदेश में उच्चाधिकारियों से बैठक के बाद प्रशासन और ड्राइवर संघ के बीच सहमति बनी, जिसके बाद प्रदेशव्यापी आंदोलन को स्थगित कर दिया गया।

**ड्राइवर संघ और प्रशासन के बीच लंबी बैठक के बाद आंदोलन स्थगित**





बालोद जिले में हुई इस बैठक में प्रशासनिक टीम की ओर से अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एडिशनल एसपी, डीएसपी, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। वहीं ड्राइवर संघ की ओर से प्रदेश प्रभारी नोहर साहू सहित स्थानीय पदाधिकारियों ने चर्चा में भाग लिया। प्रदेश व्यापी बैठक के दौरान यह तय हुआ कि ड्राइवर संघ की चार सूत्रीय मांगों जिनमें हिट एंड रन कानून में संशोधन, बीमा प्रक्रिया में पारदर्शिता, सडक करों में राहत और ड्राइवर सुरक्षा नीति का निर्माण शामिल है पर आगामी माह में परिवहन एवं गृहमंत्री से सीधी मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस दौरान बालोद जिले में परिवहन व्यवस्था सामान्य हो गई है। कुछ मार्गों पर बंद बसें, मालवाहक और यात्री वाहन फिर से सड़कों पर नजर आने लगेंगे।

## छठ महापर्व : घाटों पर सजावट, गलियों में गूंजे गीत

# लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा आज, घाटों पर उमड़ेगी श्रद्धा की लहर





हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

सूर्य उपासना और मातृत्व शक्ति को समर्पित लोक आस्था का महापर्व छठ सोमवार को बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। चार दिवसीय इस पर्व को लेकर दल्लीराजहरा शहर पूरी तरह आस्था और भक्ति में डूब चुका है।

- भव्य तैयारी में जुटे श्रद्धालु, छठ घाटों की सजावट से शहर निखरा,
- सूर्य उपासना के लिए उमंग और उत्साह

दल्लीराजहरा नगर के सभी छठ घाटों पर भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है। जगह-जगह तैयारियों का दौर जारी है, महिलाएं पारंपरिक गीतों की गूंज के साथ पूजा की तैयारी में व्यस्त हैं। सोमवार की शाम श्रद्धालु संध्या अर्घ्य देंगे, जबकि मंगलवार की प्रातः कालीन बेला में उषा अर्घ्य के साथ व्रत का समापन होगा। छठ व्रती महिलाएं तालाबों और घाटों पर जल में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करेंगी और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

### दल्लीराजहरा शहर के घाटों पर रंगीन रोशनी और सजावट

छठ पूजा के मद्देनजर नगर पालिका, सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवी समूहों द्वारा सफाई अभियान और रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई है। शहर के प्रमुख छठ घाटों को दीपों और झालरों से सजाया गया है। दल्लीराजहरा नगर की गलियों से लेकर घाटों तक भक्ति संगीत और छठ गीतों की मधुर गूंज सुनाई दे रही है। नगर के युवा स्वयंसेवक जल स्त्रोतों की सुरक्षा, श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन और व्यवस्था संभालने में जुटे हैं। विद्युत विभाग द्वारा भी घाटों की रोशनी और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### दल्लीराजहरा बाजारों में छठ सामग्री की रौनक

छठ पर्व को लेकर बाजारों में भी उत्सव का माहौल है। पूजा सामग्री, फल-फूल, गन्ना, ठेकुआ, सुपारी, नारियल, केला और मिट्टी के दीयों की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं पारंपरिक सूप, दौरा, डलिया और पूजा सामग्री लेकर घरों में प्रसाद तैयार कर रही हैं। व्रती महिलाएं रविवार से ही नहाय-खाय की परंपरा निभा रही हैं। सोमवार को खरना के उपरांत मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन होगा।

### भक्ति, अनुशासन और पर्यावरण का संदेश

छठ पर्व सिर्फ पूजा नहीं, बल्कि अनुशासन, संयम और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाले सभी वस्त्र और सामग्री पूरी तरह प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल होते हैं। यही कारण है कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की सबसे पवित्र परंपराओं में से एक माना जाता है। सामाजिक संगठनों और प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे घाटों पर स्वच्छता बनाए रखें और पॉलिथिन का उपयोग न करें। नगर प्रशासन द्वारा घाटों पर सुरक्षा बलों की तैनाती और स्वास्थ्य दल की भी व्यवस्था की गई है। सोमवार की भोर होते ही शहर के छठ घाटों पर श्रद्धा की अपार भीड़ उमड़ेगी। महिलाएं जल में खड़े होकर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देंगी, दीपों और गीतों की आभा से वातावरण पवित्र हो जाएगा। पूरा शहर सूर्य देव की आराधना में झूमेगा। दल्लीराजहरा में इस बार छठ पर्व की भव्यता पहले से कहीं अधिक देखने को मिल रही है। यह पर्व न सिर्फ धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता, सामूहिकता और पारिवारिक सौहार्द का प्रतीक है।

# युवक के साथ मारपीट सात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

छोटे भाई के साथ हुए विवाद के बाद सात युवको ने छोटे भाई के नही मिलने पर बड़े भाई की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले सातों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- आरोपियों ने पीड़िता को जान से मारने की दी धमकी

ग्राम पाउवारा थाना रनचिरई निवासी आशीष बघेल पिता डूलसाय बघेल 17 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को रात मे प्राथमिक स्कूल के पास तालाब पार पचरी में ग्राम के हितेश कुमार रात्रे 25 वर्ष और गितेश कुमार बघेल 25 वर्ष के साथ बैठा था, लगभग 11 बजे रात को ग्राम तिलोदा निवासी सारंग चन्द्राकर 35 वर्श, बल्ला चन्द्राकर 40 वर्ष, ग्राम पाउवारा निवासी राहूल चन्द्राकर 25 वर्श गजेन्द्र मेश्राम 18 वर्ष, खेमलाल यादव 19 वर्ष, विष्णु यादव 25 वर्ष, कौशल यादव 24 वर्ष सभी गाली गलौज करते हुए पचरी तरफ आ रहे थे, तब हितेश और गितेश उठकर थोडी दूर गये थे, ग्राम तिलोदा निवासी सारंग चन्द्राकर, बल्ला चन्द्राकर, राहूल चन्द्राकर, गजेन्द्र मेश्राम, खेमलाल यादव, विष्णु यादव, कौशल यादव सभी मेरे पास पचरी में आये और मुझे गजेन्द्र मेश्राम ने पूछा कि तेरा छोटा भाई सतीश कहां है, मैं बताया मुझे नहीं पता इस पर गजेन्द्र मेश्राम मेरे कालर को पकडा और सारंग चन्द्राकर मेरे गला को पकड़ा और गजेन्द्र ने मेरे दोनो गाल को मारा और गजेन्द्र और राहूल लकडी का डंडा पकडे थे, उससे भी मुझे मेरे पैरों में मारे है, फिर भूपति राज देशलहरे कहां है पूछा, फिर बल्ला भी मुझे हाथ मुक्का से मारपीट किया और सभी मुझे, मेरे भाई सतीश और भूपति राज को जान से मार देने की धमकी दिये है। तब हितेश और गितेश देख सूनकर आये और मुझे उनसे छुडाये, फिर मै वहां से भाग गया, रात मे अपने घर गया, तब मेरी मां संजना बघेल बतायी कि राहूल, गजेन्द्र, खेमलाल लोग आकर तुमको और सतीश को पूछ रहे थे और गाली गलौज दिया।

प्रार्थी ने बताया मैं अपने घर के छत में जाकर देखा तो गजेन्द्र मेश्राम लोग सभी भूपति राज देशलहरे के घर के सामने थे और भूपति के मम्मी दीप्ती देशलहरे पापा प्रयागराज देशलहरे के साथ झगडा गाली गलौज कर रहे थे। प्रार्थी ने बताया 29 सितम्बर को घनाराम मेश्राम ग्राम पाउवारा के साथ भूपति राज देशलहरे, मेरे छोटे भाई सतीश बघेल, समीर चंदेल, कुलदीप यादव ग्राम पाउवारा के साथ किसी बात को लेकर झगडा हुआ था उसी रंजिश में घनाराम का छोटा भाई गजेन्द्र मेश्राम 22 अक्टुबर को मेरे पास पचरी में आकर मेरे भाई को पूछकर मेरे साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया।

# भाजपाइयों ने पीएम मोदी की मन की बात सुनी



**गुरूर**। बस्तर प्रवास के दौरान भाजपा कार्यालय मिरऍटोला पुरूर में प्रदेश अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा छत्तीसगढ़ अशोक साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा खिलावन साहू, महामंत्री अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा डॉ खिलावन साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा हेमराज सोनी, मीडिया प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा भूपेंद्र शंकर सेन, सह मीडिया प्रभारी तामेश्वर साहू, किशोर देवांगन, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री कोरबा दीपक जायसवाल, महामंत्री भाजपा मंडल मिरऍटोला पुरूर राकेश सिन्हा, प्रितेश साहू, तेजेन्द्र साहू, अरूण साहू, सुरेन्द्र साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# युवक से मारपीट करने वाले 3 आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

पांच सौ रूपये नगदी नही देने पर तीन लोगों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई हैं। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम कलंगपुर निवासी राजेश कुमार साहू पिता धनीराम साहू 36 ने पुलिस को बताया कि कोहका आर्य नगर वार्ड क्रमांक 12 भिलाई में अपने परिवार के साथ रहता हूं और आटो चलाने का काम करता हूं। 22 अक्टूबर को मैं अपने परिवार सहित दीपावाली त्यौहार मनाने अपने गृह ग्राम कंलगपुर आया था, रात्रि 08:30 से 09 बजे मै गौठान के पास गया था। ग्राम कलंगपुर का पावक मंडावी द्वारा उधारी 500 रूपये को मांग रहा था तब मै उसे फोन पे कर रहा हूं बोला, तब पावक मंडावी बोला फोन पे मत करो, नगदी रूपये नहीं दे सकता है क्या कहकर गाली गलौज करने लगा, जिसे मैं गाली गलौच करने से मना किया, तब पावक मंडावी मेरा कालर पकड़कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा तथा वहां पर मौजुद उसका भाई गिरवर मंडावी, दोस्त लेखराम साहू भी आ गये। तीनों लोग मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। पावक मंडावी वहीं जमीन पर पड़े शराब की खाली शीशी से मेरे सिर के बांये तरफ मारकर चोट पहुंचाया है, जिससे मेरे सिर से खुन निकला है। झगड़ा, मारपीट होते देख पास में खडे मेरे भाई महेश साहू बीच बचाव करने आया तो उसे भी पावक मंडावी, गिरवर मंडावी और लेखराम साहू द्वारा गाली गलौज कर धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किये है। मारपीट करने से मेरे भाई महेश साहू के दायां हाथ पंजा चोट आया है।

- 500 सौ नगदी नही देने पर हुआ विवाद

## मुख्य अतिथि में विधायक संगीता सिन्हा, अध्यक्षता मंडलेश्वर दिनेश सिन्हा करेंगे

# कलार समाज का सहस्त्रबाहू जयंती समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज मंडल बालोद द्वारा तहसील स्तरीय सहस्त्रबाहू जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन सांस्कृतिक कला मंच कोहंगाटोला मे 28 अक्टूबर को किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा होंगी। अध्यक्षता मंडलेश्वर बालोद दिनेश सिन्हा करेंगे।

- समाज के प्रबुद्ध नागरिकों का किया जाएगा सम्मान

विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, भाजपा जुंगेरा मंडल अध्यक्ष अरूण साहू, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चन्द्रेश हिरवानी, जिला संरक्षक ओमप्रकाश गजेन्द्र, जिला अध्यक्ष जिला बालोद चमन लाल सिन्हा, जिला मंत्री बालोद चन्द्रहास सिन्हा, जिला कोशाध्यक्ष हरदेव लाल सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा योगेन्द्र कुमार सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सिकोसा प्रकाश सिन्हा, जनपद सदस्य जनपद पंचायत बालोद लोकेश डड़सेना, युवा मंच बालोद हर्श कुमार गजेन्द्र, महिला मंच जिला अध्यक्ष बालोद रेणुका सिन्हा, तहसील महिला मंच बालोद शारदा सिन्हा, सरपंच ग्राम पंचायत कोहंगाटोला देवकी ठाकुर, मंडलेश्वर गुरूर चंदन सिन्हा, मंडलेश्वर गुण्डरदेही मिलन सिन्हा, मंडलेश्वर अर्जुन्दा रोशन सिन्हा, मंडलेश्वर देवरी बिसरू राम सिन्हा, मंडलेश्वर डौण्डीलोहारा कंवल सिन्हा, मंडलेश्वर डौण्डी कमलेश सिन्हा, पूर्व मंत्री एवं निर्माण समिति अध्यक्ष देवलाल सिन्हा रहेंगे। अतिथि में सरपंच कन्नेवाड़ा लता सिन्हा, सरपंच बरही कोमीन सिन्हा, सरपंच अंगारी ममता डड़सेना, युवा मंच अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार सिन्हा, साहित्यकार अशोक आकाश साहू, ग्राम पटेल गुमान सिंह देवागंन, अध्यक्ष साहू समाज नरेन्द्र कुमार साहू, अध्यक्ष आदिवासी समाज दयालू ठाकुर, अध्यक्ष देवांगन समाज सुखराम देवांगन, यादव समाज योगराज यादव, सोनकर समाज राकेश सोनकर उपस्थित रहेंगे।



आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रातः 09 बजे पूजा एवं कलश यात्र निकाल कर नगर भ्रमण राम मंदिर से सभा स्थल तक निकाला जाएगा। 10 बजे ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन किया जाएगा। 11 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन होंगे। 12 से 1 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम की झांकिया प्रस्तुती होगी। 2:30 बजे प्रतिभा एवं सम्मान युवक युवती परिचय का आयोजन किया जाएगा। 3:30 बजे समाज के नाम संदेश दिया जाएगा। 5 बजे कार्यक्रम की आभार एवं समापन होगा।

जिसमे समाज के क्षेत्रधिकारी कोहंगाटोला देवचरण सिन्हा, ग्राम प्रमुख कोहंगाटोला सुरेश कुमार सिन्हा समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# हनुमान की मूर्ति से चांदी की मुकुट चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

हनुमान की मूर्ति के चांदी के मुकुट को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। जिसे सुबह पूजा करने गए पुजारी ने देखा तथा ग्रामीणो को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुजारी द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसमे पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(एं), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

ग्राम कसौंदा थाना रनचिरई निवासी पूनाराम यादव पिता स्व0 नन्दू राम यादव 59 वर्ष ने पुलिस को बताया कि हमारे ग्राम कसौंदा में बडा तालाब के पास रोड किनारे 05 मई 2025 को श्री हनुमान जी के मूर्ति की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था, श्री हनुमान जी के मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गांव के कमल राम साहू के द्वारा लगभग सात तोला चांदी का मुकुट भगवान हनुमान जी के लिये दिया गया था, मुकुट को हनुमान जी को पहनाये थे, मुर्ति स्थापना बाद से भगवान हनुमान जी की पूजा पाठ कार्य प्रतिदिन सुबह शाम करता हूं, 24 अक्टूबर को रात लगभग 07:45 बजे मंदिर का लोहे का चैनल गेट में ताला बंद करके घर आ गया, 25 अक्टूबर को सुबह 06:10 बजे श्री हनुमान मंदिर पहुंचा तो बाहर चैनल गेट में ताला लगा था, गेट से देखा तो मुर्ति से चांदी का मुकुट गायब दिखा, मुकुट में लगा मोर पंख श्रीराम वाला छोटा फेंटा अस्त व्यस्त मुर्ति के सामने पडा है फिर ध्यान खिडकी के तरफ गया, खिडकी खुला था।

24 अक्टूबर के रात 07:45 बजे से 25 अक्टूबर के सुबह 06:10 बजे के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति हनुमान मंदिर के खिड़की के फाइबर स्लाईड के लॉक को तोडकर अंदर घुस कर चांदी के मुकुट को चोरी कर ले गया है।

## खबर संक्षेप

### श्रीसुरभि रूद्रमहायज्ञ को लेकर बैठक 6 को

**कवर्धा।** ग्राम घुघरी खुर्द में गौसंरक्षणार्थ आयोजित श्रीसुरभि रूद्रमहायज्ञ के विशाल आयोजन की रुपरेखा तैयार करने के संबंध में आगामी 06 नवम्बर 2025 को दोपहर 1.00 बजे गणेश तिवारी के निज निवास श्रीमाता निलयम श्री गणेशपुरम बिलासपुर रोड कवर्धा में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में लोगों को आमंत्रित कर आयोजन संबंधी सुझाव, मार्गदर्शन, निर्देशन, परामर्श व नेतृत्व को लेकर चर्चा की जाएगी।

### युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी सोनू जसमीत शर्मा एवं जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रभान कोसले तथा ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया रजक की अनुशंसा पर कुई ब्लॉक युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। घोषित सूची के अनुसार उपाध्यक्ष पद पर अंजोर सिंह धुर्वे मुनमुना, संतराम यादव बदना, नंदराम पन्द्राम पोलमी और तिरथ राम बैगा कांदावानी को नियुक्त किया गया है। महा सचिव पद के लिए गुलाब धुर्वे बदना, तितरू बैंगा भैसाडबरा, पंचराम यादव टकटोईया, ज्ञानसिंह पन्द्राम मलकछरा, परमेश्वर पडवार नेउर और मुखीराम पन्द्राम कुई को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सचिव पद पर बलवीर परस्ते नेउर, सुनीत परस्ते छिन्दीडीह, सोनू कुमार बार्वे लखनुपर, शिवकुमार पनरिया भेलकी, झुलाराम कोठारी बकेला और भागवानी धुर्वे खाम्ही को नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा और एकजुटता से कार्य करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया रजक ने कहा कि युवा कांग्रेस गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने और युवाओं की समस्याओं को आवाज देने का कार्य जारी रखेगी।

### 5 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रदेश में होगी

**कवर्धा।** राज्य सरकार ने 5000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति प्रदान किया है। यह निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा व मजबूती प्रदान करेगा। शिक्षकों की कमी लंबे समय से शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही थी, ऐसे में यह भर्ती न केवल स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के हजारों नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी।

**मौसम:** कवर्धा सहित अंचल के मौसम में उथल-पुथल

# बेमौसम बारिश ने अंचल के किसानों की बढ़ाई टेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इन दिनो खेतों में धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। कुछ किसानो ने तो अपनी धान की कटाई भी शुरू कर दी है। लेकिन एक फसल कटाई के दिनो में बीते दो दिनो से कवर्धा सहित अंचल के मौसम में मची उथल पुथल और बेमौसम बारिश ने किसानो का टेंशन बढ़ा दिया है।

किसानो की माने तो अगर मौसम का यही हाल रहा और बेमौसम बारिश का दौर जारी रहा तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि दीपावली का त्यौहार निपटने के बाद बीते दो दिनो से कवर्धा सहित अंचल का मौसम अचानक बदल गया है। बात अगर कवर्धा क्षेत्र की कि जाए तो यहां रविवार की सुबह से रूक रूककर हल्की तेज बारिश हो रही है।

हालांकि दोपहर में मौसम कुछ साफ हुआ था लेकिन शाम ढलते-ढलते फिर से अचानक आसमान में काली बदली छा गई और तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश शुरू हो गई। अंचल से निकलकर आई खबरों के मुताबिक कवर्धा के अलावा जिले के अन्य ईलाकों से भी बेमौसम बारिश होने की खबरें सामने आ रही है। जिससे किसानो का टेंशन बढ़ गया है और वे मौसम के साफ होने का इंतजार कर रहे हैं।

**जिले में किसानो ने शुरू की धान कटाई**



गौरतलब है कि इस समय किसानों के खेतों में धान की फसल खड़ी है जो पककर तैयार भी हो चुकी है। शासन के निर्देश के अनुसार समर्थन मूल्य में धान की खरीदी 15 नवम्बर से शुरू की जाएगी। यही वजह है कि कई किसानो ने दीपावली त्यौहार निपटाने के बाद फसल कटाई शुरू कर दी है। लेकिन किसानो की माने तो इस बेमौसम बारिश ने उन्हें चिंता में डाल दिया है। किसानो का कहना है अगर आगे भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहता है और बेमौसम बारिश होती है तो उन्हें अच्छाखासा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# सतनामी समाज ने अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रायपुर के आदेश सोनी द्वारा सतनामी समाज के विरूद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सतनामी समाज में भारी आक्रोश व नाराजगी देखने को मिल रही है। जिसे लेकर सतनामी समाज कवर्धा के लोगों ने आदेश सोनी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदेश के गृह मंत्री के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में सतनामी समाज के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर के आदेश सोनी ने एक साक्षात्कार के दौरान सतनामी समाज को गाय काटने वाला समाज कहा है। इस पर कवर्धा में सतनामी समाज ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए आदेश सोनी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग की है। बताया जाता है कि गत 25 अक्टूबर की रात एक न्यूज चैनल की लाइव डिबेट में आदेश सोनी ने सतनामी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिसके चलते समाज ने इसे अपनी आस्था और इतिहास का अपमान बताया है। सतनामी समाज ने पुलिस प्रशासन तथा शासन से आदेश सोनी के विरूद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत और धार्मिक भावनाएं आहत करने की धाराओं में कार्रवाई की मांग को लेकर कवर्धा पुलिस अधीक्षक कार्यालय एस,पी, आईजी एवं गृहमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। साथ ही जिला सतनामी समाज ने चेतावनी दी है कि अगर कार्यवाही नहीं की गई तो समाज उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से मिली बड़ी सौगात

## 15 ग्रामों में बनेंगे मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ

- 618.76 लाख रुपये की लागत से 7.40 कि.मी. सी.सी. सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ बनाने दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 15 ग्रामों में कुल 7.40 किलोमीटर लंबाई की सीमेंट कांक्रीट सड़क सह नाली निर्माण कार्य के लिए 618.76 लाख रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के ग्रामवासियों को कच्ची, धूल-मिट्टी और कीचड़ युक्त सड़कों की समस्या से मुक्ति मिलेगी तथा स्वच्छ और सुगम ग्रामीण परिवेश का निर्माण होगा। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 15 ग्रामों बैहरसरी, बम्हनी, मजगांव (ग्राम पंचायत चंदैनी), कोठार, गुलालपुर, सैगोना, सारंगपुरखुर्द, नेवारी, बंदौरा, मोहगांव, खाम्ही, रौचन, अमरौड़ी, सरेखा एवं पालीगुढ़ा में कुल 7.40 किलोमीटर लंबाई की सीमेंट कांक्रीट सड़क सह नाली निर्माण कार्य हेतु रू. 618.76 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का भूमिपूजन उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा अतिशीघ्र किया जाएगा, जिसके उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ कर पूर्ण किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामों की गलियों में धूल, मिट्टी और कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी तथा ग्रामीण परिवेश और अधिक स्वच्छ एवं सुंदर बनेगा। ग्राम गौरव पथ योजना की इस स्वीकृति से संबंधित ग्रामों में हर्ष का वातावरण है। ग्रामवासियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से गांवों में विकास की नई दिशा मिल रही है। इस योजना के माध्यम से ग्राम स्तर पर न केवल बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण होगा, बल्कि स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर गाँवों के निर्माण की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# देर रात तक डीजे बजाने वाले संचालक का डीजे जब्त, कवर्धा पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




जिले में ध्वनि प्रदूषण और आमजन की असुविधा को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी डीजे संचालकों और संबंधित समितियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश और कड़ाई से चेतावनी दी गई थी कि रात 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का तेज डीजे नहीं बजाया जाएगा तथा माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन अनिवार्य है। इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन करने पर थाना कवर्धा पुलिस ने 18 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को अलग-अलग मामलों में 2 डीजे धुमाल संचालकों के डीजे साउंड सिस्टम और वाहनों को जप्त कर न्यायालय में पेश किया, जहां एक मामले में डीजे सिस्टम को राजसात करने और वाहन स्वामी पर जुर्माना लगाने के आदेश दिए गए, तथा दूसरे में सुनवाई जारी है। 25 अक्टूबर 2025 को जिले में आयोजित माता लक्ष्मी की प्रतिमा के विर्सजन के दौरान सभी समितियों और आयोजकों के माध्यम से स्पष्ट अपील की गई थी कि रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाए जाएं। इसके बावजूद, गुप्तापारा, कवर्धा में भोले भंडारी डीजे संचालक अनिकेत धुर्वे ने रात 11.30 बजे तक तेज ध्वनि में डीजे धूमाल बजाकर आमजन की शांति भंग की। तेज ध्वनि के कारण आसपास के निवासियों को नींद बाधित होना, मानसिक तनाव और दैनिक कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ा। जिसकी शिकायत कबीरधाम पुलिस को मिली। सूचना मिलने पर थाना कवर्धा की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते धुमाल को साउंड सिस्टम और वाहन को जप्त किया। डीजे धुमाल को राजसात करने और अर्थदंड के लिए इष्टगशा माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# मोदी की गारंटी पूरी कराने 29 अक्टूबर को प्रदर्शन

- मांगों को लेकर कर्मचारियों व पेंशनर्स ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारी एवं पेंशनर्स, केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत नहीं मिलने से नाराज हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के बावजूद राज्य सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। कर्मचारी संगठनों ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी के नाम पर केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता, एरियर राशि, चार स्तरीय वेतनमान और सातवें वेतनमान के अनुरूप भत्तों का पुनरीक्षण करने का वादा किया था, लेकिन अब तक किसी घोषणा पर अमल नहीं हुआ है। संघ का कहना है कि देश के अन्य भाजपा शासित राज्यों ने जुलाई 2025 से अपने कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ते का लाभ देना शुरू कर दिया है, जबकि छत्तीसगढ़ के कर्मचारी अब भी पीछे हैं। साथ ही संविदा और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा भी अधूरा है।

इन मांगों को लेकर संघ एवं संबद्ध संगठन 29 अक्टूबर 2025, बुधवार को दोपहर 1.30 बजे भोजनावकाश के दौरान प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लॉकों में प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा जाएगा। कबीरधाम जिले के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन की बेमुद्दत हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर 25 अक्टूबर से प्रारंभ की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन समाप्त कर दी। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा हड़ताल समाप्त किए जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के मुताबिक 26 अक्टूबर को हड़ताल समाप्त होने के साथ ही कवर्धा से रायपुर, बिलासपुर, राजनांददांव, दुर्ग, जबलपुर, कोरबा, लखनऊ, नागपुर सहित अन्य रूटों की बसों का संचालन निर्धारित समय पर किया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन ने शासन के समक्ष मुख्य रूप से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन किए जाने, वाहन चालकों के लिए सुरक्षा कानून हेतु चालक आयोग का गठन किए जाने, ड्राईवर की दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिवार को 20 लाख रूपए का मुआवजा प्रदान किए जाने, ड्राईवर के दुर्घटना में विकलांग होने पर परिवार को 10 लाख का मुआवजा प्रवान किए जाने, 1 सितम्बर को ड्राईवर दिवस घोषित किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राइवरों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा का आरक्षण प्रदान किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राईवरों के परिवार के लिए हेल्थ कार्ड जारी किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राईवरों की 55 वर्ष उम्र पश्चात सरकार की तरफ से पेशन राशि दिए जाने तथा बीएनएस की धारा 105 (दस) 10 साल की सजा और 8 हजार रूपए जुर्माना के कानून को हटाए जाने की मांग रखी थी।

## नगर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है काली उत्सव



**पाण्डातराई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पांडातराई में श्री गणेश पंचायतन हवनात्मक अनुष्ठान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। गुप्ता धर्मशाला में गत 24 अक्टूबर से प्रारंभ इस कार्यक्रम के माध्यम से भक्तजन धार्मिक कार्यों में भाग लेकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। वहीं यहां स्थापित मां काली की भव्य एवं मनमोहक प्रतिमा के दर्शनो को लोगों का तांता लग रहा है। यह आयोजन विशेष रूप से समस्त पितृ मुक्ति के लिए किया जा रहा है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष के पूजा कार्यों में संगीतमयी भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं श्री महाकाली पूजा एवं रुद्राभिषेक अर्चन यज्ञ शामिल हैं। यह सभी अनुष्ठान मां शिवांगनी डाक बम समिति और नगरवासियों के सहयोग से सम्पन्न हो रहे हैं। इन कार्यक्रमों में आस्था और श्रद्धा का अद्वितीय मिलन होता है, जो भक्तों को एकत्रित करता है। महाकाली भागवत यज्ञ के दौरान दर्शन हेतु हर दिन बड़ी संख्या में भक्तजन यहां एकत्र होते हैं। दूर-दूर से लोग विशेष समारोह के त्यौहार का आनंद लेने और पूजा-पाठ में भाग लेने के लिए आते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलती है, बल्कि यह समुदाय की एकता और सद्भाव को भी प्रोत्साहित करता है। अपने-अपने घरों से दूर आकर भक्तजनों का एकत्रित होना, उन सब के लिए एक अनूठा अनुभव होता है।

**संत दंडी सन्यासी स्वामि विशुद्धानन्द सरस्वती की अगुवाई में क्षेत्र के 50 यात्री रवाना**

# मां नर्मदा परिक्रमा एवं द्वारकाधीश की यात्रा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

सहसपुर लोहारा के राजपुरोहित दुबे परिवार के पण्डित राजेंद्र प्रसाद दुबे के आयोजकत्व एवं बनारस कांशी जी से पधारे कवर्धा क्षेत्र में लोकप्रिय संत दंडी सन्यासी स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती की अगुवाई में सहसपुर लोहारा से मां नर्मदा परिक्रमा एवं द्वारकाधीश जी की मंगल यात्रा का शुभारंभ शुक्रवार की रात को सहसपुर लोहारा से किया गया। इस धार्मिक यात्रा में सहसपुर लोहारा, कवर्धा, बेमेतरा, पंडरिया, लोरमी सहित 50 तीर्थयात्री शामिल हैं। नर्मदा परिक्रमा एवं गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर तथा द्वारका के द्वारकाधीश जी की यात्रा का विधिवत शुभारंभ मां नर्मदा जी के पवित्र उद्गम स्थल अमरकंटक में नर्मदा स्नान पश्चात दण्डी सन्यासी स्वामिः विशुद्धानन्द की उपस्थिति में एक दिवसीय अमरकंटक दर्शन एवं मां नर्मदा जी के पूजन पश्चात यात्रा के संकल्प के साथ 26 अक्टूबर रविवार को प्रारम्भ हुआ। यात्रा का दूसरा पड़ाव महराजपुर मण्डला होगा। नर्मदा जी की परिक्रमा का यह नियम होता है कि यह यात्रा मां नर्मदा जी के एक किनारे से नर्मदा जी के किनारे-किनारे चलती है। यह परिक्रमा यात्रा लगभग 20 दिन की होगी जो अमरकंटक से प्रारम्भ होकर मंडला, भेंडाघाट, उज्जैन के महाकाल होते हुए गुजरात सोमनाथ, द्वारकाधीश से वापस होते हुए यह यात्रा जत्था पुनः 15 नवंबर को अमरकंटक पहुंचेगी, जहां मां नर्मदा जी के पूजन पश्चात परिक्रमा यात्रा पूर्ण होगी।




# जगराता कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में मारपीट पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

थाना पंडरिया क्षेत्र के ग्राम सांवतपुर में आयोजित जगराता कार्यक्रम के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है। पहले मामले में भानुप्रताप साहू आयु 27 वर्ष निवासी सांवतपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत 23 अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे वह लक्ष्मी पंडाल के पास आयोजित जगराता देखने गया था इसी दौरान सुंदर साहू, मनबोध साहू, अंजोरी साहू और संजू साहू कार से पहुंचे और पुरानी रंजिश के चलते भानुप्रताप को गाली-गलौज कर हाथ, मुक्का और लात-घूसे से मारपीट की। बीच-बचाव करने पर सुरेश साहू और लालजी साहू ने उसे बचाया। पुलिस ने इस पर अपराध क्रमांक 270/2025 धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के मनबोध साहू आयु 38 वर्ष निवासी सांवतपुर ने भी अपराध क्रमांक 268/2025 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसके अनुसार, 24 अक्टूबर की रात 12.30 बजे उसके घर के सामने फलित साहू, रामेश्वर साहू और मनोज साहू ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से हमला किया। बीच-बचाव करने पर उसकी पत्नी और भाभी को भी चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने घर के अंदर घुसकर मारपीट की और घर पर पथराव किया, जिससे कई लोगों को चोट पहुंची। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक समान धाराओं पर थाना पंडरिया पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ कर घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। स्थिति नियंत्रण में है, गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## तेज रफ्तार कार ने आवारा कुत्ते को कुचला

**भिलाई।** तेज रफ्तार कार ने कुत्ते को कुचलकर फरार हो गया। घटना कोहका का है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह सड़ पर कुत्ता बैठा हुआ था। तेज रफ्तार कार चालक ने उसे कुचल दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में साफ दिखता है कि कुत्ता बैठा था, तभी एक कार आई और उसके ऊपर से गुजर गई। जुनवानी रोड और डीमार्ट बायपास को जोड़ने वाली सड़क पर स्ट्रीट डॉग डिवाइडर के किनारे शांति से बैठा था। कार चालक लापरवाही से यू-टर्न लेते हुए उस कुत्ते पर चढ़ गया। कुत्ता कार के अगले पहिए में फंस गया, लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी। कुत्ते को करीब 500 मीटर तक घसीटा और फिर कार रोककर उसे बाहर निकाला। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

## पटाखा फोड़ने से मना किया तो महिला को जलाया

**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत न्यू संतोषी पारा कैम्प-2 में पटाखा फोड़ने को लेकर उपजे विवाद में प्रियंका नामक महिला पर ही पटाखा फेंककर जला दिया। महिला के पति जितेंद्र चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने गोवर्धन यादव और सूरज यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना 22 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े 7 बजे की है। जितेंद्र पेशे से क्रेन ऑपरेटर है।

## बघेरा के सूने मकान में चोरी, 60 हजार ले भागे चोर

**भिलाई।** कोतवाली थाना अंतर्गत बघेरा स्थित सूने मकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा। अंदर आलमारी में रखे 60 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शिशुपाल सिंह लोक निर्माण विभाग बीजापुर में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ हैं। 21 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे वे परिवार के साथ दिवाली मनाने मालाढबरी घुमका चले गए। 23 अक्टूबर को लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर सामान बिखरे हैं, आलमारी से कैश गायब है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

## जरुतमंदों के बीच बांटी दीपावली की खुशियां

**भिलाई।** जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग के युवाओं द्वारा दीपावली की खुशियां बिखेरने उन्हें मिठाई, पटाखे और दीये सहित अन्य जरुरत के सामन वितरित किये गए। संस्था द्वरा दुर्ग की निचली बस्तियों में जाकर पिछले एक सप्ताह से विभिन्न आश्रम में जाकर वृद्ध जनों और बच्चों को दीपावली के मौके पर नए कपड़े, पटाखे, मिठाई नमकीन बिस्किट चॉकलेट एवं अन्य सामग्री बांटी गई। इस दौरान 650 से ज्यादा बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि पिछले आठ साल से गरीब बच्चों साथ खुशियों की दीपावली मनाने वाली संस्था के सदस्यों ने इस बार साढ़े छ सौ से ज्यादा बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी है। सदस्यों ने न सिर्फ पूरा दिन उनके साथ बिताया, बल्कि बच्चों को उनकी जरूरतों की चीजें देने के साथ ही उनकी पसंद का नाश्ता भी कराया।

# ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने 30 दिन का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

ग्राम पंचायत पऊवारा में 35 महिलाओं के लिए 30 दिवसीय रूरल मेसन राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत करगाडीह में भी 35 महिलाओं का काउंसलिंग पूर्ण कर प्रशिक्षण प्रारंभ कराया गया है।

ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी दुर्ग द्वारा जनपद पंचायत के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक रोहित जायसवाल द्वारा प्रतिभागियों को ईंट, पत्थर, चिनाई, प्लास्टरिंग, फर्श व टाइल बिछाना, वॉटर प्रूफिंग, छत ढलाई, कंक्रीट मिश्रण तैयार करना तथा निर्माण कार्य से संबंधित सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। इस कार्यक्रम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों को कुशल राजमिस्त्रियों की महत्वपूर्ण भागीदारी प्राप्त होगी।

### महिलाओं को दिया जा रहा है रूरल मेसन राजमिस्त्री का प्रशिक्षण

**कुशल श्रमिकों की बढ़ेगी उपलब्धता**

राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त करने से ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल श्रमिकों की उपलब्धता बढ़ेगी। जिससे आवास निर्माण की गुणवत्ता एवं गति दोनों में सुधार होगा। यह न केवल योजनाओं को मजबूती देगा, बल्कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और सम्मानजनक आजीविका के अवसर भी प्रदान करेगा। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क ड्रेस, टूलकिट एवं भोजन प्रदान किया जा रहा है। यह पहल न केवल ग्रामीण युवाओं को कुशल और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि कुशल भारत सशक्त भारत की अवधारणा को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित होगी।



**आरसेटी की भूमिका और उद्देश्य**

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और कौशल विकास को बढ़ावा देने निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण बेरोजगारों को कौशल विकास, उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता से जोड़कर उन्हें स्वालंबी बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण और रोजगार सृजन को बढ़ावा देते हैं। इसी क्रम में ग्राम पऊवारा दुर्ग में 35 हितग्राहियों, ग्राम करगाडीह दुर्ग में 35 हितग्राहियों, 30 दिवसीय रूरल मेसन राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है।प्रशिक्षण निदेशक गुलशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संचालित है। प्रशिक्षण में पऊवारा में अमित कुमार कुंभकार तथा करगाडीह में सुश्री अनिता चारभे मास्टर ट्रेनर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### मांग : उपडाकघर व सरकारी सुविधाओं की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध

# 50 ग्रामों के मूलभूत सुविधा और स्वास्थ्य सेवा कंडम, 85 हजार लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

जिला मुख्यालय दुर्ग से मात्र 35 किलोमीटर दूर स्थित 50 ग्रामों के 85 हजार आम जनता का जीवंत केंद्र स्थल जामगांव आर में स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी मूलभूत विकास, स्वास्थ सेवा जैसे क्षेत्र में अबूझमाड़ जैसी हालत बनी हुई है। ऐसे में कैसे मनाए जामगांव आर क्षेत्र की जनता स्थापना दिवस महोत्सव।

लगता है आवेदनों के लिए अच्छी खासी रद्दी की टोकरी का प्रबंध शासन के पास होगी तभी तो आज तक मांग बेअसर है। राष्ट्रपति की मुहर लगने के 9 साल बाद भी जामगांव आर को ब्लॉक की घोषणा नहीं करने, जामगांव आर में शासकीय स्वास्थ केंद्र प्रारंभ नहीं करने एवं उपड़ाकघर नहीं खुल पाया है।

विदित हो कि जामगांव आर में उपतहसील, शासकीय कालेज, थाना, प्राइवेट और शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, दो बैंक है। जहां 50 ग्रामों का सीधा संपर्क है। खरोच आ जाने पर टिंचर जैसी छोटी सी चीज के लिए भी शासकीय सुविधा उपलब्ध नहीं है। जामगांव आर में कदम रखते ही शासकीय हॉस्पिटल नहीं होने की जानकारी मिलने पर कद्दावर नेता भी आश्चर्य व्यक्त करते है, आज भी दुर्घटना की स्थिति में मेडिकल चेकअप के लिए लोग धमतरी तक रनिंग करते है। अनेकों बार बीमार ग्रामीण उपचार त्वरित नहीं मिलने से शहर की ओर जाते समय रास्ते में दम तोड़ देते है।

**ग्रामीण जनता परेशान, छोटे-मोटे इलाज के लिए धमतरी तक दौड़ना मजबूरी**






सांसद विजय बघेल ने कहा कि जिस क्षेत्र का विधायक मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहा हो वहां की जनता उपचार के लिए दर दर भटके विडंबना हैं। विदित हो कि 2013 में जामगाव आर को ब्लाक बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, उस समय वर्तमान सांसद विजय बघेल डॉ रमनसिंह सरकार में विधायक संसदीय सचिव थे। इनके सहमति व सहयोग से सारी प्रक्रियाएं पूर्णता हासिल किया और सितंबर 2016 में राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने की खबर सामने आ गई। प्रक्रियाएं आगे बढ़ती कितु 2018 में भाजपा प्रदेश सत्ता से बाहर हो गई। जामगांव आर विकासखंड दर्जा देने की मांग लेकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल समाजसेवी चतुर सिंह साहू के नेतृत्व में 25 जनवरी 2019 को सीएम भूपेश बघेल से प्रत्यक्ष भेंटकर आवेदन देकर फरियाद किए थे। आश्वासन तो मिला, लेकिन जामगांव आर को ब्लॉक का दर्जा देने में भूपेश बघेल नाकाम रहे। उल्लेखनीय है कि जामगांव आर में भवन आदि की माकूल व्यवस्था है सरकार चाहे तो कम खर्च में भी विकासखंड प्रारंभ कर परेशान आम जनता के दर्द का निवारण कर सकती है।

13 ग्राम पंचायतो ने जामगांव आर में उपडाकघर खोलने की मांग करते हुए जामगांव आर के तात्कालिक सरपंच राजकुमार ठाकुर पँचद्वय तीरथ चन्द्राकर डीडी मानिकपुरी प्रवर अधीक्षक हरिश कुमार महावत से भेंटकर आवेदन सौपे। शाखा डाकघर से गुण्डरदेही उपडाकघर की दूरी 13 से 30 किलोमीटर है जबकि जामगांव आर में उपडाकघर खुल जाने से सभी 13 शाखा डाकघर की दूरी 0 से मात्र 11 किलोमीटर हो जाएगी। साथ ही डाक विभाग के राजस्व में इजाफा होगी। जामगांव आर के आस पास 10 शाखा डाकघर है, जो आज भी डाक थैला सायकल पर सवार होकर गुंडरदेही उपडाकघर पहुचाने विवश है।

जामगांव आर पूर्व सरपंच राजकुमार ठाकुर ने बताया कि जामगांव आर में शासकी संस्थाओं की सेवा के साथ साथ 100 वर्ष पुराना व्यापारिक केन्द्र की सेवा उपलब्ध है। किंतु पर्याप्त डाक सेवा नही मिल पाती वांछित डाक सेवा के लिए 36 किलोमीटर दुर्ग 19 किलोमीटर पाटन गुंडरदेही का मोहताज होना पड़ता है। जामगांव आर, करेला, रानीतराई, निपानी, सुरपा, बेल्हारी, बटरेल, धमना, भाठागांव आर, रनचिराई, पौहा, गाडाडीह, मर्रा के तात्कालिक सरपंचों ने समवेत स्वर में प्रवर अधिक्षक को बताए थे कि जामगांव आर में उपडाकघर प्रारम्भ किया जाना आमजनता एवं डाक विभाग के हित मे वरदान साबित होगा। साथ ही शाखा डाक घरों को लंबी दूरी तय करने से निजात मिलेगी कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी।

## योग आयोग अध्यक्ष सिन्हा ने सामाजिक चेतना और पारिवारिक मूल्यों की अहमियत पर जोर दिया



**जामगांव आर।** सिमटते परिवार और खत्म होते रिश्तों पर चिंतन दृष्टिगोचर करते हुए छत्तीसगढ़ शासन से कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने तरोताजा प्रत्यक्ष दशएँ घटना का जिक्र करते हुए बताया कि भाईदूज के दिन एक परिवार में बैठना हुआ। जिसकी केवल एक पुत्री ही है। उन्हें भाई ढूढ़ना पड़ रहा था, तब सुदर्शन चेनल के सुरेश चव्हाण का वक्तब्य ध्यान में आ गया। भाई ही नहीं होगा तो भाईदूज किसके साथ मनाओगे। भाई बहन के नाम पर बस फोटो पोस्ट होती हैं। भावनाएं नहीं और जब यह प्रवृत्ति बढ़ती है तो समाज में न रिश्ते बचते हैं, न संस्कार, न संयुक्त परिवार, न सुरक्षा का वह साया, जो कभी हर घर को हिंदू घर बनाता था। रिश्तों की गारंटी हैं त्योहारों की असली आत्मा हैं।

## अखाड़ा के माध्यम से अपने शौर्य का करते हैं प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अंजोरा , पीसेगांव, चिंगरी में मातर महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। रात में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंजोरा में कंचन जोशी, पीसेगांव में लोक अनुहार चिंगरी में लोकतिहार ने अनुपम प्रस्तुति प्रदान दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए।

मां लक्ष्मी, भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। इस दिन सुबह के समय यादव समाज के लोग नाचते एवं जोश भरे अंदाज में



उमंग के साथ उछल उछल कर प्रेरक दोहा लगाते हुए मातर ठौर पहुंचते है, जहां पर खोड़हर गड़ाकर इसकी पूजा की जाती है। साथ ही गौधन को सोहई बांधकर खोड़हर के चारों ओर घुमाया जाता है इसे छत्तीसगढ़ी में दांड़ खेलना कहते है। इस दौरान यादव समाज के लोग अखाड़ा कला के माध्यम से अपने शौर्य का प्रदर्शन भी करते हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि दीप उत्सव के कार्यक्रम दौरान मां लक्ष्मी मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया।

# समोदा में डायरिया के तीन नए केस मिले, अब तक 66 मिल चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

समोदा में डायरिया के 3 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही 4 अक्टूबर से लेकर अब तक मरीजों की संख्या बढ़कर 66 हो गई है। 1 मरीज अब भी अस्पताल में भर्ती है। वहीं 10

- पहले से भर्ती 10 मरीज हुए डिस्चार्ज, 1 अब भी इलाज

मरीजों को शनिवार को डिस्चार्ज किया गया। शनिवार को भी कैम्प लगाकर ग्रामीणों की जांच की गई। बता दें कि पिछले 4 अक्टूबर से लगातार मरीज मिल रही है। तीनों लोगों की संदिग्ध मौत भी हो चुकी है। बावजूद इसके गांव में उल्टी-दस्त का प्रकोप नहीं थमा है। पीएचई ने 15 जगहों पर पानी की जांच की। सैंपल लेकर बैक्टीरिया के परीक्षण



के लिए रायपुर भेजे गए। 26 अक्टूबर को इसकी रिपोर्ट आनी है। शनिवार को भी डॉ. सीबीएस बंजारे जिला सर्वेलेंस अधिकारी के निर्देश पर हेल्थ विभाग की टीम ने जांच की। इधर बोर से पानी के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। पीएचई की टीम शनिवार को इन बोर का क्लोरीनेशन किया। इसके बाद इसका उपयोग शुरू कराया गया। पीएचई अधिकारी प्रकाश ठाकुर ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। कुछ लोगों ने पाइपलाइन में छेद कर दिया था। ये लाइन नालियों के आसपास से होकर गुजर रही हैं। संभवतः इस वजह से ही परेशानी बढ़ी। बहरहाल जांच की जा रही है। समस्या का निराकरण किया जा रहा है। वैकल्पिक इंतजाम के तौर पर टैंकरों से प्रभावित क्षेत्रों में पानी पहुंचाया जा रहा है। ताकि पेयजल को लेकर दिक्कत न हो।

## प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों का मार्गदर्शन करने का आश्वासन

**दुर्ग।** एलुमिनी भूगर्भशास्त्र विभाग के हर आयोजन में आर्थिक एवं भौतिक रूप से सहयोग करेंगे। यह निर्णय भूगर्भशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के सम्मेलन में लिया गया। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग में आयोजित एलुमिनी मीट में 1993 में प्रवेश लिये विद्यार्थियों से लेकर 2024 की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी भी शामिल हुये। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने हाल ही में भूगर्भशास्त्र विभाग से 5 विद्यार्थियों के छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित माइनिंग इंस्पेक्टर की परीक्षा में चयनित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विभाग के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भूतपूर्व छात्र आगामी आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु वर्तमान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने में हर संभव सहायता करेंगे।

# आईजी गर्ग का शोध लेख राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में हुआ प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग का शोध लेख यूज ऑफ टेक्नोलॉजी इन पुलिसिंग इन्वेस्टिगेशन ऑफ बैंक डकैती केस प्रतिष्ठित सरदार वल्लभ

- यह विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि

भाई पटेल नेशनल पुलिस एकेडमी जनरल में प्रकाशित हुआ है। यह पत्रिका देश की सर्वोच्च पुलिस प्रशिक्षण अकादमी हैदराबाद द्वारा प्रकाशित की जाती है।

जो पुलिसिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध और नवाचारों के लिए जानी जाती है। इस शोध लेख में गर्ग ने रायगढ़ शहर में हुई एक बड़ी बैंक डकैती की विवेचना के दौरान गेट पैटर्न एनालिसिस और सीसीटीवी फुटेज एनालिसिस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के प्रयोग को विस्तार से बताया है। यह पहली बार था जब छत्तीसगढ़ में अपराधियों की पहचान स्थापित करने के लिए गेट पैटर्न एनालिसिस तकनीक का उपयोग किया गया। इस तकनीक से आरोपियों की चाल के विश्लेषण को वैज्ञानिक प्रमाण के रूप में प्रयोग किया गया। जिससे अपराध की तह तक पहुंचने और अपराधियों की उपस्थिति सिद्ध करने में सफलता मिली। लेख में बताया गया है कि कैसे तत्कालीन डीआईजी रायगढ़ के रूप में गर्ग ने अपनी तकनीकी समझ का उपयोग करते हुए न केवल अपराध का 100 प्रतिशत खुलासा कराया, बल्कि बैंक डकैती में लूटे गए 5.62 करोड़ रुपए की बरामदगी मात्र 15 घंटे में कराई।

**तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाई**

श्री गर्ग ने बताया कि प्रकरण ने छत्तीसगढ़ पुलिस की पेशेवर दक्षता और तकनीकी क्षमता को नई ऊंचाई दी। शोध पत्र में गेट एनालिसिस की वैज्ञानिक अवधारणा, उसके सिद्धांत, सीमाएं, और अदालत में इसके प्रमाणिक महत्व का भी उल्लेख किया गया है। लेख में यह भी उल्लेख है कि इस प्रकरण के बाद गर्ग ने सीसीटीवी कैमरों के लोकेशन और विवरण के प्रबंधन के लिए त्रिनयन एप, चोरी हुए वाहनों की जानकारी के लिए सशक्त एप विकसित कराया। जिससे अपराध अन्वेषण सुगम हुआ है। यह उपलब्धि न केवल दुर्ग रेंज पुलिस बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गर्व का विषय है।

# सेक्टर-9 हनुमान मंदिर में 501 किलो लड्डू का भोग

**भिलाई।** सेक्टर-9 के प्राचीन हनुमान मंदिर में शनिवार को भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बोल बम सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य पूजा-अर्चना में 501 किलो लड्डू का भोग अर्पित किया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा।पूरे आयोजन में धार्मिक उल्लास और सामुदायिक एकता का सुंदर दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और बोल बम सेवा समिति के संस्थापक दया सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों ने श्रद्धापूर्वक हनुमान जी की पूजा-अर्चना की और भक्तों के बीच प्रसाद वितरण में भाग लिया।

बता दें कि सेक्टर-9 क्षेत्र पहले आमदी गांव के नाम से जाना जाता था। उस दौर में दाऊ हीरा मनी चंद्राकर परिवार ने अपनी निजी भूमि पर इस हनुमान मंदिर का निर्माण कराया था। उसी परंपरा को जीवंत करते हुए आयोजन में चंद्राकर परिवार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। परिवार के सदस्यों ने पूजा में भाग लेकर अपने पूर्वजों की आस्था को नमन किया।

# एचआईवी एड्स के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व पर छात्रों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर रेड रिबन द्वारा एड्स जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम के अन्तर्गत एचआईवी एड्स रोगियों के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व पर व्याख्यान,

- रेड रिबन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

एड्स जागरूकता पर फिल्म युवाओं की मनो-सामाजिक समस्याओं के लिए उपचारात्मक रणनीतियों पर व्याख्यान, प्रतिरक्षा बढ़ाने के लिए आहार पर व्याख्यान, नुक्कड़ नाटक, एचआईवी एड्स पर विशेषज्ञ का दृष्टिकोण, युवा रेड-क्रॉस स्वयं सेवक अंतरग्रहण का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना



श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने बताया कि इस सप्ताह का उद्देश्य एचआईवी एड्स से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, एचआईवी से संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करना और सुरक्षित प्रथाओं को बढ़ावा देना है। नोडल अधिकारी प्रो. रेशमा लाकेश ने जागरूकता कार्यक्रम से छात्राओं को एड्स के लक्षण, एड्स कैसे फैलता है, एड्स से बचाव के लिए कौन-कौन से सावधानियाँ है, आईसीटी सेंटर तथा एआरटी सेंटर के बारे में बताने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों को एड्स संबंधी जानकारी प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 1097 के बारे में बताया गया।

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 30 को

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के आईक्यूएसी एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ दुर्ग विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र के संयुक्त द्वारा 30 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की भारतीय ज्ञान परंपरा : सृजन और संरक्षण की अंतर यात्रा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन रूसा 2.0 के अंतर्गत किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि उच्चशिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विशिष्ट अतिथि महेन्द्र कपूर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री एबीआरएसएम, प्रोफेसर राजीव प्रकाश निदेशक, आईआईटी भिलाई एवं डॉ. संजय तिवारी, कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय तथा मुख्य वक्ता डॉ. सीडी आगासे प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, शशांक शर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी रायपुर, रामनाथ कश्यप प्रांत संगठन मंत्री, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम एवं डॉ. राजेश पाण्डेय पूर्व क्षेत्रीय अपर संचालक दुर्ग संभाग होंगे। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ की जनजातियों के पारंपारिक ज्ञान, प्रकृति से उनकी सहभागिता, उनकी पारंपरिक एवं जैविक खेती की विधियां, लोक पर्व एवं वाचिक परंपराएं, सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण, पारंपरिक शिल्प, लोक गीत तथा छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक संत परंपरा, पारंपरिक खेलों में ज्ञान परंपरा तथा जनजातियों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन पर विषय विशेषज्ञों द्वारा इन विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पंचायत देवरी में आज मातर उत्सव

**बालोद/निकुम।** ग्रामवासी देवरी द बड़े पारा में 27 अक्टूबर सोमवार को मातर उत्सव व सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत देवरी द भवन कला मंच बाजार चौक पर छत्तीसगढ़ी नाच मोर गंवई गांव की प्रस्तुति होगी, यह जानकारी आयोजन समिति के खेलन साहू ने दिया।

### दुर्गा मंच बेलमांड में श्रीमद् भागवत कथा 28 से



**बालोद।** ग्राम बेलमांड मे 28 अक्टूबर से श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है, जिसका समापन 5 नवंबर को होगा। यह आयोजन शतरूपा दुबे एवं चंद्रिका प्रसाद दुबे ने अपने पुत्र दीपक प्रसाद दुबे एवं अंबिका मिश्रा की स्मृति मे दुर्गा मंच बेलमांड में रखा गया है। जिसमे कथावाचक संत निरंजन महाराज भागवत आश्रम लिमतरा होंगे। कथा का समय सुबह 10:30 बजे से 1:30 बजे एवं दोपहर 3 बजे से 5 तक रखा गया है। जिसमे प्रथम दिवस भागवत स्थापना, वेदी पूजन, गोकर्ण कथा होगा। द्वितीय दिवस मंगलाचरण, धर्म पृथ्वी संवाद, परीक्षित को शॉप, सुखदेव जी का आगमन कथा होगा। तृतीय दिवस सृष्टि वर्णन, विदुर कथा, सती चरित्र, शिव विवाह कथा होगा। चतुर्थ दिवस ध्रुव चरित्र, जड़ भरत की कथा, वराह अवतार, प्रहलाद चरित्र कथा होगा। पंचम दिवस गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासुर संग्राम, राजा बलि प्रसंग, वामन अवतार कथा होगा। षष्टम दिवस श्री कृष्ण जन्म, महोत्सव, बाल लीला, माखन चोरी कथा होगा। सप्तम दिवस सुदामा चरित्र, यदुवंश क्षय परीक्षित मोक्ष, तुलसी दल अर्पण कथा होगा। अंतिम दिवस हवन पूर्णाहुति कपिला तर्पण होगा।

### नशा मुक्त रहने ऑपरेशन विश्वास में मेडिटेशन कर खिलाए गेम्स



**भिलाई।** दुर्ग पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध आपरेशन विश्वास के तहत वैलनेस शिविर का आयोजन नेवई भाटा सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। जिसमें नेवई क्षेत्र से 35 बच्चों के साथ प्रथम बैच में नशा मुक्ति वैलनेस शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को आर्ट ऑफ़ लिविंग के द्वारा योग, ध्यान, मेडिटेशन के बारे में सिखाया गया और बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे जानकारी दी गई। दुर्ग पुलिस द्वारा आयोजित युवाओं को नशा मुक्त रखने अभियान विश्वास के अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सुदर्शन क्रिया सहित विभिन्न खेल सहित मेडिटेशन कराया जा रहा है। यह अभियान 24 से 30 अक्टूबर तक नेवई थाना क्षेत्र में सामुदायिक भवन में चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति वैलनेस शिविर में दुर्ग पुलिस एवं आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से आयोजित शिविर में 35 बच्चों के द्वारा भागीदारी दिखाई गई। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग से उपस्थित अमन बेलचंदन और उनके सहयोगी के द्वारा उपस्थित बच्चों को योग ध्यान एवं आपस में बच्चों को खेल भी खिलाया गया।

## गंगासागर तालाब की दयनीय स्थिति, छठ पूजा अब बूढ़ा तालाब में आयोजित

# गंगासागर तालाब का दशकों के प्रयास के बाद भी सौंदर्यीकरण नहीं हो पाया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- लाखों खर्च के बावजूद गंगासागर तालाब में गंदगी और जलकुंभी

जिला मुख्यालय की कभी शान रहा गंगासागर तालाब का पानी इतना निर्मल था कि नगरवासी इसका पानी पीने के लिए उपयोग करते थे। अब यह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। कभी नगर के प्रत्येक धार्मिक कार्य इसी तालाब मे हुआ करते थे, लेकिन जिम्मेदारों की बदइंतजामी ने श्रद्धालुओं को भी इससे दुर कर दिया है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष गंगासागर तालाब से छठ पूजा के कार्यक्रम को हटाकर बूढ़ा तालाब मे छठ पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बीते एक दशक मे लगभग प्रति वर्ष लाखो रूपये स्वच्छता व सौंदर्यीकरण के



लिए गंगासागर तालाब खर्च कर दी गई, वर्तमान मे भी यह क्रम चल रहा है। जिसके बाद भी गंगासागर तालाब की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है।

जिला मुख्यालय स्थित गंगासागर तालाब जिला मुख्यालय के प्रमुख तालाबो में से है, शीतला मैया की गोद मे स्थित इस तालाब में लाखो करोड़ो खर्च करने के बाद भी शासन प्रशासन इसकी स्थिति मे सुधार लाने में असफल रहा है। जिसका नतीजा यह है कि तालाब का पानी लगातार गंदा होते जा रहा है और तालाब के अंदर व आस पास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस तालाब में नौका चालन का भी सपना शहरवासियो को दिखाया गया। लेकिन यह सपना अब तक मूर्त रूप नही ले पाया। जहां आज भी तालाब के सीढ़ियो में कई टूटे हुए नाव पड़े हुए है। तालाब मे साफ सफाई के साथ लाखो का फाउटेंन लगाया गया, जिससे शहर के लोगो में उम्मीद जगी की अब गंगा सागर तालाब के दिन बदलेंगे, लेकिन लाखो का फाउटेंन कुछ दिनो तक चलने के बाद अंधेरे में खो गया और तालाब में स्वच्छता की स्थिति बद से बद्तर हो गई। वर्तमान में तालाब के अंदर जलकुंभी ने पूरे तालाब को अपने कब्जे में ले लिया है तथा सफाई के तहत तालाब से जिन जलकुंभी को निकाला भी गया है वो तालाब के सीढ़ियो में रख दिए गए है जिसके कारण अगर कोई तालाब मे उतरना चाहे तो वह चाहकर भी तालाब मे नही उतर सकता। वर्तमान मे नतीजा यह है कि जिस गंगासागर तालाब में वर्शो से छठ पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। यहां की गंदगी को देखते हुए छठ पूजा के कार्यक्रम को अब बूढ़ा तालाब मे किया जा रहा है।

## नवचेतना फाउंडेशन ने दिवंगत के परिजनों को दी सहायता राशि



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कलंगपुर मे कक्षा नवमीं मे अध्ययनरत दोनो पैर से दिव्यांग छात्र शुभम साहू पिता जगदीप साहू की गत दिनों निधन हो गया। जिनके अंतिम कार्यक्रम के दिन स्थानीय नवचेतना फाउंडेशन नई दिशा नई सोच के सदस्यों ने मृतक छात्र के घर पहुंच कर दिवंगत छात्र को श्रद्धाजंली अर्पित की। साथ ही उनके परिजनों को सहायता राशि प्रदान किया। इस अवसर पर विकास जैन, गोविंद सिन्हा, सुमन कुल्हारे, खेमचंद जैन, लखन साहू, बृजलाल सिन्हा, युवराज देवांगन, भुवन सेन, केसराम, जीतू, प्रेमू साहू उपस्थित थे।

## ग्राम अचौद में पीएम मोदी की मन की बात सुनी



**बालोद/कलंगपुर।** भाजपा मण्डल गुंडरदेही अंतर्गत बूथ क्रमांक 248 ग्राम अचौद में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम की 127वीं कड़ी देखा एवं सुना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में चल रहे अनोखे गार्बेज कैफे की सराहना की। यहाँ प्लास्टिक कचरा लाने पर भोजन या नाश्ता दिया जाता है। एक किलो प्लास्टिक पर पूरा भोजन और आधा किलो प्लास्टिक पर नाश्ता मिलता है। यह पहल अंबिकापुर नगर निगम द्वारा संचालित है और इसका उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त शहर बनाना है। इस अवसर पर अचौद शक्ति केंद्र संयोजक मोपेन्द्र कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष दुलार सिंह ठाकुर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुसुमकसा रेलवे फाटक 28 अक्टूबर को रहेगा बंद, रेल ट्रैक मरम्मत कार्य रहेगा जारी



**कुसुमकसा।** पल्लेकसा सिंघनवाही मार्ग पर कुसुमकसा का रेलवे फाटक के पास रेल्वे ट्रैक के मरम्मत एवं टी एस आर का कार्य 28 मंगलवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। जिसके कारण रेल्वे फाटक से आवागमन सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा , दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के वरि.अनु. अभि.(रेल पथ) दल्लीराजहरा ने उक्ताशय की जानकारी दी है। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कुसुमकसा से गुण्डराटोला,अड़जाल ,खलारी, पल्लेकसा,धोबनी , सिंघनवाही सहित उक्त मार्ग से आवागमन करने वालो को जमही सब स्टेशन के पास आवास पारा कुसुमकसा से गुण्डराटोला सड़क मार्ग का आवागमन करने उपयोग करने की बात कही।

### अहिवारा में पटरी से उतरी मालगाड़ी बोगी

**भिलाई।** भिलाई से अहिवारा तक एसीसी एवं जेके लक्ष्मी साइडिंग के लिए बिछाई गई रेल लाइन पर शनिवार को अचानक मालगाड़ी के चार बोगी पटरी से उतर गई। यह मालगाड़ी नंदिनी अहिवारा में स्थित जेके लक्ष्मी सीमेंट प्लांट से सीमेंट लोड कर भिलाई-3 की ओर आ रही थी। इस लाइन का उपयोग केवल एसीसी अडानी और जेके लक्ष्मी प्लांट से सीमेंट और कच्चे माल की परिवहन के लिए होता है। मालगाड़ी का परिचालन धीमी गति से किया जाता है।

# भिलाई हमेशा समाज के सर्वांगीण विकास के लिये प्रयासरत रहा : प्रशान्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी ने अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों के अंतर्गत शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए पीएम केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के खेल मैदान का पुनर्विकास कर उसे विद्यालय प्रशासन को सौंपा।

विद्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित गरिमामय समारोह में मैदान का औपचारिक उद्घाटन और हस्तांतरण मुख्य अतिथि बीएसपी के महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशान्त तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक अपर्णा चंद्रा, सहायक महाप्रबंधक जवाहर बाजपेयी, उप प्रबंधक कमल कान्त वर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा, उप प्राचार्य पुष्पा बाड़ा, प्रधानाध्यापक डॉ. अजय आर्य, खेल प्रशिक्षक सुरेश कुमार, टीजीटी बिन्दु शिवराजन, कमल सोनी, मीनाक्षी चंद्राकर, अल्तमस सहित अन्य शिक्षकगण, विद्यालयीन स्टाफ एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि तिवारी ने कहा कि विद्यालय आकर उन्हें अपने छात्र जीवन की मधुर यादें स्मरण आ गईं। उन्होंने अपने संबोधन में बीएसपी की सीएसआर गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि संयंत्र सदैव शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के साथ ही अन्य सभी क्षेत्रों में योगदान देकर समाज के सर्वांगीण विकास लिए प्रतिबद्ध रहा है। "समृद्धि तब ही सार्थक है जब उसका लाभ समाज के साथ बांटा जाए।" बीएसपी इसी सोच के साथ कार्य करता है कि उसकी उपलब्धियों की रोशनी शिक्षा और विकास के हर कोने तक पहुंचे।" बीएसपी वनांचल और परिधीय क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप विकास और सहयोग के लिए निरंतर प्रयास करता आ रहा है।

# दीपावली मिलन और भाई दूज पर रामायण सम्मेलन



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम भीमाटोला में दीपावली मिलन समारोह एवं भाई दूज के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामायण सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। दीपों की जगमगाती रौशनी और भक्ति के वातावरण में ग्रामवासी एकत्र हुए तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम एवं विधायक प्रतिनिधि गोविन्द चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच पर उनकी उपस्थिति से समारोह का वातावरण और अधिक आलोकित हो उठा। ग्रामवासियों ने दोनों अतिथियों का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में मर्यादा, सत्य और सेवा के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य हेमकुमार रावटे, सुरेन्द्र दाऊ, ललित साहू, सरपंच गोमती नायक, ग्राम पटेल पुरुषोत्तम नायक, नरेंद्र देशमुख, बबलू साहू, देवकुमार राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी शुरू, मंगल कलश यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



विश्व गायत्री शक्तिपीठ शांतिकुंज हरिद्वार की स्थापना के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बालोद में विराट 108 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ 2025 का भव्य आयोजन 8 दिसंबर से 11 दिसंबर तक गंजपारा मैदान में किया जाएगा।,आयोजन की तैयारी को लेकर विश्व गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा के व्यवस्थापक हीरालाल पवार, परिवाजक देव प्रसाद आर्य, धीरपाल ठाकुर, दिलेश्वरी ठाकुर एवं रथ चालक नरेश कुमार ग्वाल के नेतृत्व में ग्राम बिटाल, कारूटोला, जाबुड़वही और चिखलाकसा में कलश यात्रा निकालकर आमंत्रण दिया गया।

हीरालाल पवार ने बताया कि यह आयोजन माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष एवं पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित अखण्ड दीप के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। बालोद नगर में गायत्री शक्तिपीठ, जिला गायत्री परिवार एवं नगरवासियों के सहयोग से यह चार दिवसीय महायज्ञ संपन्न होगा। कार्यक्रम की मुख्य रूपरेखा 8 दिसंबर (सोमवार): प्रातः 10 बजे मंगल कलश शोभायात्रा, सांय 3 बजे युग संगीत एवं प्रज्ञा पुराण। 9 दिसंबर (मंगलवार): प्रातः ध्यान साधना, गायत्री यज्ञ, दोपहर युवा एवं नारी जागरण, सांय प्रज्ञा पुराण। 10 दिसंबर (बुधवार): प्रातः यज्ञ व संस्कार, दोपहर 12 बजे आदर्श विवाह, दोपहर 2 बजे डॉ. चिन्मय पण्ड्या का संबोधन 11 दिसंबर (गुरुवार) ध्यान साधना, पूर्णाहुति, दीप महायज्ञ, टोली विदाई एवं महाप्रसादी। संस्कार जैसे दीक्षा, पुंसवन आदि निःशुल्क कराए जाएंगे। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की अपेक्षा है।

# बीएसपी के रिटायर कर्मियों ने अनुभव किये साझा, चेक देकर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने समारोह का आयोजन कर माह सितंबर में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए सोसाइटी से अपने लगाव को लेकर उद्गार व्यक्त किए।

इस दौरान शिवकुमार वर्मा, गेंद लाल ठाकुर, दलजीत सिंह थिंड, जयंत मुसले, राज नैयर ने अपने अनुभव साझा किये। इसी तरह अन्य रिटायर कर्मियों में शरद चंद्र पात्रो, भूषण प्रसाद, राम अवध, नारद वर्मा, ब्लास्ट फर्नेस से वरिंदर कुमार गोविंद, जनरल एस्टेब्लिशमेंट से अभिजीत मुखर्जी, मेडिकल से रीता सी बेहरा, प्रहलाद, विजय कुमार नागपुरे, सिंटर प्लांट-2 से दौलत राम भौर्या, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से राजेंद्र कुमार कौशिक, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से बृजेश चौधरी, भारत राम, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-1 से कोमल सिंह, मटेरियल रिकवरी विभाग से राम प्रसाद और कैपिटल हैवी मेंटेनेंस-3 से हरिराम व अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इन रिटायर कर्मियों का कहना था कि आगे भी उनकी सदस्यता बरकरार रखी जाए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष असमां परवीन, अशोक राठौर, संचालक मंडल सदस्य विपिन बन्छोर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, पुरुषोत्तम कंवर, वेद प्रकाश सूर्यवंशी और नितिशा साहू तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू, सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### ड्रायफ्रूट दुकान में लगी आग, सामान खाक

**भिलाई।** दुर्ग इंदिरा मार्केट में स्थित नवनीत ड्रायफ्रूट दुकान में अचानक शुक्रवार रात आग लग गई। आगजनी में पूरी तरह दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। चंद मिनटों में धुएं का गुबार पूरे बाजार में फैल गया और आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड की टीम की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक दुकान से अचानक धुआं उठता देख लोगों ने तुरंत शटर खोलने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी। दुकान के भीतर रखे ड्रायफ्रूट, पैकिंग सामग्री और फर्नीचर जलकर खाक हो गए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## खेल जीवन में भाईचारा और मित्रवत संबंधों के साथ जीने की कला सिखाती है

# स्वास्तिक क्रीड़ा मंडल ने एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम नवागांव मे स्वास्तिक क्रीड़ा मंडल के तत्वावधान मे एक दिवसीय कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुभारंभ के मुख्यअतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू थे, मंच पर अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन नारद साहू, सरपंच नवागांव कविता साहू, उपसरपंच छगनलाल साहू, पूर्व सरपंच नवागांव सोमसिंह साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज नवागांव हेमलाल साहू, पंच भेमराज साहू मंचसीन थे।

कबड्डी भाईचारा सिखाती है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि कबड्डी का खेल जीवन में भाईचारा और मित्रवत संबंधों के साथ जीने की कला सिखाती है आपस में दो टीम पूरे जोश के साथ लड़ती तो है लेकिन दुश्मनी नहीं पालती बल्कि खेल समाप्ति के बाद आपस में गले मिलते है। कबड्डी अनुशासन और चौकन्ना रहकर जीवन जीना सिखाती है। कबड्डी खेल की तरह जीवन का खेल खेलते रहे। भाजपा युवा मोर्चा मंडलअध्यक्ष नारद साहू ने कहा जीवन के हर क्षेत्र में कबड्डी खेल की भांति जीवन का खेल खेलते रहे जीवन बड़ा सुकून भरा होगा। जीवन में दुश्मन नहीं दोस्त कतार होगी। कबड्डी स्पर्धा आयोजन में संरक्षक योगेश साहू, ढालसिंह साहू, चंद्रशेखर महलवार, दानेश्वर साहू, अभिषेक सेन मिडिया प्रभारी, मनीष कुमार, वासु मंडल, भोजकुमार, मोहन यादव, गोपाल ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

### उत्साह वर्धन के लिए विशेष उपस्थिति रही

कबड्डी स्पर्धा में उत्साह वर्धन के लिए उमेश यादव, एनू यादव, जयंत साहू, तीरथ यादव, मोनिष साहू, चंद्रकांत साहू, रिंकू साहू, नीरज साहू विनोद कुमार, रोशन, रूपेंद्र, ऋषभ कुमार, यशवंत, जितेंद्र, जयप्रकाश, देवांशु, कान्हा, खिलेश्वर साहू, चमन नेताम, कांतिलाल, शुभम साहू, मनीष साहू, लक्की साहू, प्रियांशु साहू, तारक साहू, भास्कर, निलेश साहू, नंदकिशोर साहू, सुभाष साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

